जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र0/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2015/91 दिनांक 07.11.2015

// अधिसूचना //

विश्वविद्यालय क्षेत्रांर्गत सम्बद्ध समस्त अशासकीय महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा माह दिसम्बर 2015 में स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर असंस्थागत (**Private Students)** छात्रों की परीक्षायें सम्पन्न की जाना है।

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 19 जनवरी 2011 के पद क्रमांक 09 (अ–अ–15) में लिये गये निर्णयानुसार ऐसे अशासकीय महाविद्यालय (शासकीय एवं अनुदान महाविद्यालयों को छोडकर) जिनको स्थापित हुये 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। तथा जिनका स्वयं का भवन हो एवं ऐसे महाविद्यालय में विश्वविद्यालय परिनियम 28 (17) के अंतर्गत नियुक्त स्थायी प्राचार्य/शिक्षक हों। विश्वविद्यालयीन असंस्थागत (**Private Students)** छात्रों की परीक्षाओं हेतु परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने के पात्र माने जावेगें।

अतः जो अशासकीय महाविद्यालय असंस्थागत (**Private Students)** छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने के इच्छुक हैं, वह अपना आवेदन निम्न दस्तावेजों के साथ उप–कुलसचिव (परीक्षा) के कक्ष में दिनांक 09.11. 2015 तक साँय 05 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करायें। जिससे उन महाविद्यालयों के आवेदनों पर विचार किया जा सके। इस तिथि के पश्चात् किसी आवेदन पत्र पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

आवदेन पत्र के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले प्रपत्रों की सूचीः–

1. महाविद्यालय के लेटर हेड पर असंस्थागत (**Private Students)** छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने हेतु आवेदन पत्र।
2. महाविद्यालय की विश्वविद्यालय से सम्बंद्धता के पत्र की इलेक्ट्रो प्रति।
3. महाविद्यालय की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने का प्रमाण पत्र।
4. महाविद्यालय के अतंर्गत 28 (17) परिनियम के अनुसार नियुक्त प्राचार्य एवं शिक्षकों की सूची।
5. महाविद्यालय के स्वयं के भवन को सत्यापित करने वाले प्रपत्र की इलेक्ट्र स्टेट प्रति।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. समस्त सम्बंधित अशासकीय/अनुदान प्राप्त महाविद्यालय, सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (परीक्षा)